हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

06 भारत कृषक समाज ने यूएस-इंडिया ट्रेड डील के...



07 जामोंया जोहार में वेश्यावृत्ति बंद कराने के लिए ग्रामीण...





## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी।परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा यूनिक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसेबिलिटी (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

### 19 फरवरी को सीहोर में लगेगा युवा रोजगार व अप्रेंटिसशिप मेला

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय सीहोर में युवा रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के माध्यम से स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा नवीन प्रकरण भी स्वीकार किए जाएंगे। आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन कर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। 'युवा संगम' कार्यक्रम प्रत्येक युवा के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।

### धाम के समीप ही बना हेलीपैड, वीवीआईपी आने पर हाईवे पर नहीं होगी अव्यवस्था

# आस्था का महाकुंभः महोत्सव से दो दिन पहले ही श्रद्धालुओं ने डाला डेरा, पं. धीरेंद्र शास्त्री होंगे शामिल

देश के अन्य बड़े संत, सीएम डॉ. यादव सहित अन्य मंत्रियों के भी आने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विठ्ठलेश सेवा समिति के तत्वावधान में पंडित प्रदीप मिश्रा के सानिध्य में 14 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण कथा के लिए कुबेरेश्वर धाम में आस्था का समंदर उमड़ पड़ा है। महोत्सव की शुरुआत से दो दिन पहले ही देश के कोने-कोने से आए करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने धाम पर बनाए गए विशाल डोम और पंडालों में अपना डेरा जमा लिया है। प्रशासन का अनुमान है कि सात दिनों के इस आयोजन में 10 लाख से ज्यादा श्रद्धालु सीहोर पहुंचेंगे।

बता दें इस वर्ष का महोत्सव बेहद खास होने वाला है। धाम के प्रवक्ता मनोज दीक्षित के अनुसार 17 फरवरी को बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कुबेरेश्वर धाम पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। इसके साथ ही देश के कई अन्य बड़े संतों, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कैबिनेट मंत्रियों के भी शामिल होने की संभावना है। वीवीआईपी मूवमेंट्स को देखते हुए धाम के समीप ही हेलीपैड तैयार किया गया है, ताकि इंदौर-भोपाल हाईवे पर यातायात बाधित न हो।

### सवारी उतारने के लिए स्थान चिन्हित

10 लाख लोगों की भीड़ को संभालने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इंदौर-भोपाल हाईवे को डायवर्ट किया गया है और सुरक्षा के लिए दो हजार से अधिक पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। हाईवे के दोनों ओर 8 से 10 एकड़ के दो बड़े स्टैंड बनाए गए हैं। पहला स्टैंड फूलमोगरा जोड़ और दूसरा गुड़भेला जोड़ पर स्थित है। सभी बस, ऑटो और वैन चालकों को यहीं सवारी उतारने और पार्क करने के निर्देश दिए गए हैं।

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पेयजलए भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए समिति और प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ शालीन व्यवहार करने और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि जाम और असुविधा से बचने के लिए श्रद्धालु अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल में ही खड़े करें और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों का सहयोग करें।




### हाईवे पर पार्किंग की तो खैर नहीं




पुलिस के अनुसार निजी वाहनों के लिए 10 अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। यहां लाउडस्पीकर के जरिए श्रद्धालुओं को दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि मुख्य हाईवे पर वाहन खड़ा करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि कोई वाहन सडक़ किनारे खड़ा पाया गया तो उसे क्रेन से उठाकर जब्त किया जाएगा। हाईवे को इमरजेंसी सेवाओं और श्रद्धालुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए 'नो पार्किंग जोन' घोषित किया गया है।








## अवैध रेत उत्खनन पर खनिज, राजस्व और पुलिस की कार्रवाई, 48 घंटे में पोकलेन-जेसीबी समेत कई वाहन जब्त

**सीहोर।** नगर में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने के लिए पिछले 48 घंटों से प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों ने बुधनी, रेहटी और इछावर क्षेत्र में दबिश देकर पोकलेन, जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित कई वाहनों को जब्त किया है।





**नर्मदा से खनन करते पकड़ी मशीन :** संयुक्त दल ने बुधनी और रेहटी क्षेत्र में नर्मदा नदी से अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन और गिट्टी डस्ट से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की। इन वाहनों को कार्रवाई के बाद रेहटी थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की गईं। इन्हें इछावर थाने को सुपुर्द किया गया है।कार्रवाई यहीं नहीं रुकी। दूसरे चरण में टीम ने फिर से बुधनी और रेहटी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की।

इस दौरान नर्मदा नदी से रेत निकालते हुए एक और पोकलेन मशीन तथा एक जेसीबी मशीन पकड़ी गई। दोनों मशीनों को शाहगंज थाने की अभिरक्षा में रखा गया है।

**डंपर और एक अन्य ट्रॉली जब्त :** इसके अलावा रेत का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली इछावर थाने में जमा कराई गई, जबकि मुरूम खनिज का अवैध परिवहन करते एक डंपर को रेहटी थाने में जब्त किया गया है।

**खनिज अधिकारी का बयान :** जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों पर खनिज नियमों और प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है और अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी चलता रहेगा।

## शादी से लौटते समय बड़ा हादसा, ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 20 लोग घायल - 6 नर्मदापुरम रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

तहसील क्षेत्र के ग्राम ओडिया स्थित दीपाखेड़ा मोड़ के पास बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। शादी समारोह से लौट रहे लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे लगभग 20 लोग घायल हो गए। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 40 लोग सवार थे, जो होशंगाबाद जिले के होरिया पीपली गांव में अपने परिजनों के यहां आयोजित शादी समारोह से वापस भैरूंदा तहसील के ग्राम चींटीखेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान दीपाखेड़ा मोड़ पर सामने से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर चालक नियंत्रण खो बैठा और ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई।हादसे की सूचना मिलते ही 100 डायल और अन्य वाहनों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल रेहटी पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल 6 लोगों को बेहतर इलाज के लिए नर्मदापुरम रेफर किया गया है। अन्य घायलों का इलाज रेहटी अस्पताल में जारी है। सूचना मिलते ही रेहटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

### ट्रैक्टर जब्त, जांच शुरू

पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खड़ा करवा दिया है और मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वाहन सड़क से अचानक नीचे उतर जाने के कारण अनियंत्रित हुआ और ट्रॉली पलट गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस और एंबुलेंस की तत्परता

घटना की सूचना मिलते ही सलकनपुर चौकी प्रभारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी में किया जा रहा है।





### मजदूरों किसानों के हित में नीतियां बनाए केंद्र सरकारः बैरागी

# श्रमिक कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता पूंजीपतियों के पक्ष में लाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मजदूर किसान विरोधी नीतियों का बाल बिहार मैदान पर संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा के द्वारा विरोध दर्ज कराया गया। अखिल भारतीय किसान सभा श्रमिक हित में राष्ट्रीय आव्हान पर संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक प्रहलाद दास बैरागी के नेतृत्व में मजदूरों के द्वारा प्रदर्शन किया गया। मजदूरों को मोर्चा के दिनेश मालवीय और सफीक अंजूम ने संबोधित करते हुए मजदूरों किसानों के लिए हानीकारक अत्यधिक सब्सिडी प्राप्त अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में उतारने के व्यापार समझौते की नारेबाजी कर घोर निंदा की गई।

संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक प्रहलाद दास बैरागी ने कहा कि कृषि मंत्री के ग्रह जिले में शक्कर फेक्ट्री बंद हो चुकी है फैक्ट्री की भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा है तिलहन संघ बंद हो गया है। मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है और किसानों को अनाज का सही दाम नहीं मिल रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में किसान और मजदूर हैरान परेशान बने हुए है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता भारतीय किसानों को तबाह कर देगा और अमेरिकी कृषि उत्पादों से भारतीय बाजार भर दिया जाएगा। पामाईल,मक्का, कपास और सेव, हेंडीक्राफ्ट, उत्पाद सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। करोड़ों किसानों की आजीविका पर संकट बना हुआ है। बैरागी ने कहा कि श्रमिक कानूनों को खत्म कर श्रम संहिता पूंजिपतियों के पक्ष में लेकर आने से लाखों श्रमिकों का शौषण होगा। अमेरिकी वस्तुओं पर शून्य प्रतिशत आयात शुल्क की अनुमति देकर केंद्र सरकार द्वारा किसानों मजदूरों के साथ विश्वासघात किया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ तोडऩे के लिए आत्मसमर्पण करना अत्यंत शर्मनाक है। प्रदर्शन में सोनू मालवीय,नरेंद्र राठौर, विक्रम जायसवाल, अकरम खान, अरविंद वर्मा, पप्पू मिस्त्री, राजू शर्मा, मांगीलाल मालवीय, राजू केवट, राजाराम, रहीम कुरैशी आदि बड़ी संख्या में मजदूर शामिल रहे।



**खबर संक्षेप**

### जल विलेय उर्वरकों का छिड़काव करें

**सीहोर।** गेहूं की फसल गभोट व बालियों की अवस्था पर, चना-मसूर की फसल घेंटी व दाना पड़ने की अवस्था पर है। इस समय रबी फसलों में कीट- रोग नियंत्रण के उपाय करें। कृषि वैज्ञानिक गभोट, पुष्पन व दुग्ध अवस्था गेहूं की फसल यानी 60 से 65 दिन की हो चुकी है तो जल विलेय उर्वरक एन.पी.के. 18:18:18 मात्रा 1 किलो को 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। पुष्पन अवस्था यानी 80 से 85 दिन की हो चुकी है तो जल विलेय उर्वरक एन.पी.के. 0:52:34 मात्रा 1 किग्रा को 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ छिड़काव करें। कृषि वैज्ञानिक गेहूं की फसल दुग्ध अवस्था यानी 100 से 105 दिन हो चुकी है तो जल विलेय उर्वरक एन.पी.के. 0:0:50 मात्रा 1 किलो एवं बोरॉन (20%) मात्रा 100 ग्राम को 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़कें। चूहों के लिए खेत में चूहों के बिल के आस-पास 2-3 दिन तक पुराने अनाज को रात भर गलाकर हलके से उबाल कर जगह-जगह भुरकें। कृषि वैज्ञानिक लहसुन एवं प्याज लहसुन व प्याज की फसल 80 से 85 दिन की हो चुकी है तो की बढ़वार के लिए जल वरक एन.पा.क मात्रा 100 ग्राम 0:52:34 मात्रा 1 किलोग्राम एवं एवं बोरॉन को 200 लीटर पानी में घोलकर प्रति एकड़ छिड़कें।

### बोर्ड परीक्षाओं के बीच आधी रात तक गूंज रहे डीजे, जिम्मेदार अफसर कब देंगे इस ओर ध्यान...?

# सीहोर में प्रशासन-पुलिस की व्यस्तता के बीच भैरुंदा में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा की तैयारी के लिए शांत वातावरण आवश्यक है, लेकिन तेज ध्वनि के कारण न तो उन्हें पर्याप्त नींद मिल पा रही है और न ही पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित हो पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। एक ओर हजारों विद्यार्थी बेहतर परिणाम की उम्मीद में देर रात तक तैयारी में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर नगर एवं ग्रामीण अंचलों में आधी रात तक बज रहे डीजे और लाउडस्पीकर उनकी एकाग्रता भंग कर रहे हैं। शादी-विवाह के सीजन में मांगलिक भवनों, गार्डनों और रिहायशी इलाकों में तेज ध्वनि में संगीत बजना आम हो गया है, जिससे परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित है। उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर पूर्णतः बंद रहने चाहिए। इसके बावजूद भैरुंदा नगर और आसपास के गांवों में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। देर रात तक निकल रही बारातें, सड़कों पर थिरकते डीजे और रिहायशी क्षेत्रों में गूंजता शोर विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रतिकूल असर डालता नजर आ रहा है।

कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा की तैयारी के लिए शांत वातावरण आवश्यक है, लेकिन तेज ध्वनि के कारण न तो उन्हें पर्याप्त नींद मिल पा रही है और न ही पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित हो पा रहा है। कई विद्यार्थियों ने बताया कि रात 12 बजे तक डीजे बजने से सुबह की परीक्षा में थकान और तनाव बना रहता है। अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि परीक्षा अवधि को देखते हुए प्रशासन को विशेष सख्ती बरतनी चाहिए थी। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसका असर सीधे परीक्षा परिणामों पर पड़ सकता है।

इधर स्थानीय प्रशासन और पुलिस अमला 20 फरवरी तक सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में विशेष ड्यूटी में व्यस्त है। तहसीलदार सौरभ शर्मा, नायब तहसीलदार अनिस कुरेशी, गोपालपुर थाना प्रभारी घनश्याम दांगी और भैरुंदा थाना प्रभारी महेन्द्र गौड़ सहित अन्य अधिकारी वहीं तैनात हैं। सीमित अमले के सहारे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था संभाली जा रही है। एसडीओपी रोशन कुमार बुधनी, भैरुंदा और इछावर की सुरक्षा व्यवस्था देख रहे हैं, जबकि एसडीएम सुधीर कुशवाह अवकाश पर बताए जा रहे हैं। ऐसे में निगरानी और त्वरित कार्रवाई में कमी साफ दिखाई दे रही है।

तहसील के लाड़कुई, छीपानेर, चकल्दी, वासुदेव, राला और रेहटी सहित कई गांवों से भी देर रात तक डीजे बजने की शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निगरानी तंत्र कमजोर होने से ध्वनि प्रदूषण पर कोई ठोस नियंत्रण नजर नहीं आ रहा है। प्रशासन ने नकल रोकने और परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए उड़नदस्ते गठित किए हैं, लेकिन रिहायशी इलाकों में हो रहे ध्वनि प्रदूषण को लेकर अब तक कोई विशेष अभियान या सख्त कार्रवाई दिखाई नहीं दी। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत परीक्षा अवधि में क्षेत्रों को 'शांति क्षेत्र' घोषित किए जाने का प्रावधान है। इसके बावजूद नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी पहल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि परीक्षा जैसे संवेदनशील समय में सामुदायिक सहयोग और प्रशासनिक सख्ती दोनों जरूरी हैं।

## एनएसएस स्वयंसेवकों को दिया गया बोरवेल रेस्क्यू व सीपीआर का विशेष प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों ने बोरवेल रेस्क्यू एवं सीपीआर प्रशिक्षण में सहभागिता कर आपदा प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण कौशल अर्जित किए। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बाढ़ आपदा राहत एवं बोरवेल दुर्घटना बचाव तकनीक विषय होमगार्ड लाइन, सीहोर में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

प्रशिक्षण एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को बोरवेल रेस्क्यू तकनीक, सीपीआर तकनीक तथा फायर एक्सटिंग्यूशर के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ पीड़ितों की सहायता करने के प्रभावी तरीकों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी बचाव कार्य के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करना तथा उनमें आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा।

इस अवसर पर एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के अधिकारी, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी विशाल परमार एवं डॉ. सुप्रिया गुप्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करते हुए सेवा भावना, अनुशासन एवं मानवीय संवेदनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण से एनएसएस स्वयंसेवकों में आपदा प्रबंधन से जुड़े कौशलों के साथ-साथ समाज सेवा के प्रति उत्साह और जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।

## पंद्रह दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन संपन्न




**सीहोर।** राष्ट्रीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर में आयोजित पंद्रह दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मविश्वासी एवं सजग बनाना था।

समापन सत्र में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अग्निहोत्री ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण आज के समय की आवश्यकता है तथा इससे छात्राओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना विकसित होती है। उन्होंने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए छात्राओं की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण शिविर के प्रशिक्षक योगेश गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई तकनीकों को दैनिक जीवन में अपनाने की सलाह दी तथा छात्राओं के उत्साह और अनुशासन की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी गईं और इस प्रकार शिविर का समापन सफलतापूर्वक हुआ। शिविर में नियमित अभ्यास करने वाली छात्राओं को सर्टिफिकेट और पुरस्कार वितरित किए गए।

## भारत कृषक समाज ने यूएस-इंडिया ट्रेड डील के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**बुधनी।** भारत कृषक समाज की ओर से यूएस-इंडिया ट्रेड डील को लेकर गहरी आपत्ति जताते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन स्थानीय प्रशासन के माध्यम से सौंपा गया। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित व्यापार समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और किसानों के हितों के विरुद्ध है। ज्ञापन में कहा गया कि अमेरिका और भारत के बीच हुए व्यापार करार पर संसद में चर्चा किए बिना निर्णय लिया गया, जिससे देश के किसानों के साथ धोखा हुआ है संगठन के अनुसार अमेरिका भारत से भेजे जाने वाले उत्पादों पर 18 प्रतिशत तक टैक्स लगाएगा, जबकि भारत अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैक्स लगाएगा, जिससे भारतीय किसान प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएंगे। भारत कृषक समाज ने यह भी उल्लेख किया कि अमेरिका में कृषि क्षेत्र को भारी सब्सिडी दी जाती है, जबकि भारत में अधिकांश किसान कम जोत पर खेती करते हुए सीमित संसाधनों में जीवनयापन कर रहे हैं। ऐसे में अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात से देश के किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा संगठन ने मांग की कि इस ट्रेड डील को तत्काल निरस्त किया जाए तथा किसानों के हितों की रक्षा हेतु ठोस नीति बनाई जाए ज्ञापन सौंपने वालों में भारत कृषक समाज के संभागीय सचिव ओपी मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष सोनू राजपूत, प्रमोद चौहान, बलबीर चौहान आदि के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

### महाशिवरात्रि पर ग्राम शाहपुर कौड़िया में किया जाएगा महाप्रसादी का वितरण

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शाहपुर कौड़ियां में भव्य कलश यात्रा के साथ पंच दिवसीय एक कुण्डीय शिव शक्ति यज्ञ एवं ऋणमुक्तेश्वर महादेव प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का श्रीगणेश हो गया है। गुरुवार को महोत्सव के अंतर्गत यज्ञाचार्य पंडित राहुल पाठक के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने 1803 हवन में वेद मंत्रों के साथ आहुतियां दी। मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र व्यास ने बताया कि महाशिवरात्रि को देवता, पूजन, प्राण प्रतिष्ठा के साथ महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हवन पुष्पाधिवास, फलाधिवास आदि धार्मिक अनुष्ठान किए जाऐंगे। हवन सात बजे से 12 बजे और दोपहर तीन बजे से आरंभ हो जाता है। उन्होंने बताया कि हवन वातावरण को शुद्ध करने में अहम भूमिका निभाता है। हवन कराने से पवित्रता बनी रहती है। इससे आसपास मौजूद नाकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। साथ ही वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। हवन कराने से देवी-देवताओं का आशीर्वाद आपके परिवार पर बना रहता है। हवन करने से पहले स्वच्छता का ध्यान रखा जाना जरूरी है।

### एएनएम व नर्सिंग अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण




**सीहोर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीहोर डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में एनसीडी (गैर असंचारी रोग) कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित समस्त विकासखण्डों से आई एएनएम एवं नर्सिंग ऑफिसर्स ने सहभागिता की। एक दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को एनसीडी स्क्रीनिंग, जांच, उपचार तथा एनसीडी एप्लीकेशन से संबंधित मॉड्यूल का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे क्षेत्र स्तर पर गैर असंचारी रोगों की शीघ्र पहचान एवं प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

प्रशिक्षण सत्र में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के स्टेट कंसल्टेंट अंकित चौरसिया, मास्टर ट्रेनर एवं जिला एनसीडी नोडल अधिकारी डॉ. राजेश कुमार तथा मास्टर ट्रेनर विनोद सॉवला विशेष रूप से उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को कार्यक्रम की कार्यप्रणाली, रिपोर्टिंग प्रणाली तथा फील्ड में क्रियान्वयन संबंधी व्यावहारिक जानकारियाँ भी प्रदान की गईं।

## नवीन बस स्टैंड गार्डन में स्थापित हो बाबा साहब की प्रतिमाः डीपीएसएस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी



संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की मांग को लेकर दलित पिछड़ा समाज संगठन सीहोर ने कलेक्टर, जिला सीहोर के नाम नगर परिषद रेहटी के मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग की है कि नगर परिषद रेहटी के नवीन बस स्टैंड स्थित गार्डन में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की जाए।

संगठन के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को समता, समानता, बंधुता, न्याय और भाईचारे का जो अमूल्य संदेश दिया, वह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। बाबा साहब केवल बहुजन समाज के ही नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाले प्रत्येक नागरिक के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि नगर के प्रमुख स्थल पर उनकी प्रतिमा स्थापित किए जाने से सामाजिक समरसता को बल मिलेगा तथा नई पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा प्राप्त होगी। यह कदम नगर की पहचान और गौरव को भी नई दिशा देगा। संगठन का मानना है कि नवीन बस स्टैंड क्षेत्र सार्वजनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है, जहां प्रतिमा स्थापना से अधिकाधिक नागरिकों को संविधान निर्माता के विचारों को नजदीक से जानने का अवसर मिलेगा।इस अवसर पर दलित पिछड़ा समाज संगठन के तहसील अध्यक्ष धर्म सिंह गोयल, गोविंद सिंह कुशवाह, जीवन सिंह धनवारे, वीरेंद्र बरखने, इनोद जाधव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी रहे हड़ताल पर**

# कर्मचारियों ने लगाए देश की संपत्ति बेचना बंद करो, विदेशी बीमा कंपनियां भारत छोड़ों के नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



देश के दस केंद्रीय कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर गुरूवार को भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने यूनियन के सह सचिव राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों के द्वारा देश की संपत्ति बेचना बंद करो, काली श्रम संहिता वापस लो, काली श्रम संहिताऐं देश की जनता के साथ धोखा, बीमा में सौ प्रतिशत विदेशी निवेश वापस लो, एलआईसी के शेयर बेचना बंद करो,नई भर्ती तत्काल शुरू करो, विदेशी बीमा कंपनियां भारत छोड़ो, देश हमारा विदेशी नीति नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए गए।

हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के सह सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि देश की सरकार ने श्रम संहिताओं को लागू करके यह दिखा दिया है कि वह पूंजीपतियों के साथ खड़ी है। देश की जनता की खिलाफत में सरकार मजदूरों के शोषण तंत्र हमें किसी कीमत पर भी मंजूर नहीं है। आठ घंटे से अधिक काम करवाना महिलाओं को रात्रि पाली में काम की अनुमति देना मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से भी महरूम करना।

आशा उषा एवं आंगनबाड़ी कर्मियों को नियमित नहीं करना न्यूनतम मजदूरी से उन्हें वंचित रखना फिक्स टर्म अपॉइंटमेंट के माध्यम से परमानेंट नौकरियों को खत्म करना यह सब सरकार की मंशा है। सरकार की यह मंशा हमें किसी कीमत पर मंजूर नहीं है जब तक श्रम संहिताएं वापस नहीं होती है आंदोलन आगे भी होते होंगे । यूनियन के सचिव अंकित श्रीवास्तव ने कहा कि हमें एकजुट रहकर संघर्ष करना होगा और हमारी एकता के बल पर ही हम सरकार को परास्त कर सकते हैं । यूनियन अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने कहा कि हम सरकार के देश घाती निर्णय के आगे झुकने वाले नहीं हैं हम अपनी मांगों के पूरा होने तक संघर्ष करते रहेंगे । देश हमारा अंबानी की नीति नहीं चलेगी,मजदूरों पर हमले बंद करने होंगे। प्रदर्शन में अंकित श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद, सुरेंद्र सिंह यादव, राकेश राठौर, दिनेश वर्मा, मोदेस्तुस तिर्की, विजय कुमार, सुमित कुमार, हेमलता वशिष्ठ, बालमुकुंद मिश्रा, उमेश कुशवाहा, बहादुर सिंह पौडवाल, लक्ष्मी नारायण कुशवाहा, भारती, दीपक मालवीय, प्रमिला शास्त्री, दीपेश सहित बडी. संख्या में अभिकर्ता मौजूद रहे।

### नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



**सीहोर।** शहर को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, हर वार्ड में बुनियादी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। वहीं गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, नगर पालिका की इंजीनियर प्राची गुप्ता सहित पार्षदों ने शहर के भोपाल नाके के पास पीजी कालेज से सेंट्रल स्कूल तक कायाकल्प योजनांतर्गत डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया और कार्य में गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के साथ पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुशवाहा, आशीष गहलोत, मांगीलाल मालवीय सहित क्षेत्रवासी मौजूद थे। वहीं नपाध्यक्ष श्री राठौर ने वार्ड के लोगों से भेंट की। शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए नगर पालिका द्वारा शुरू की गई स्वच्छता प्रणाली के अमल में आने के बाद जहां लोगों को गंदगी से राहत मिली है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर और सीएमओ सहित अन्य नियमित रूप से सुबह से ही शहर के निरीक्षण करते है। मोहल्ले में इस स्वच्छता वाहन के साथ भ्रमण कर सभी रहवासियों से आग्रह किया कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में एकत्रित कर कचरा वाहन में ही डाले। ताकि नालियां एवं सड़कों पर कचरा न फैले। वहीं उनके सुझाव पर मौके पर ही छोटी-मोटी समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा जिला सीहोर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 1259/31-6/2025-26
भैरूंदा, दिनांक/2/02/2026

**:: सार्वजनिक नोटिस ::**

1. अककिशा सिंह पुत्री नरेन्द्र सिंह भाटी जाति राजपूत निवासी विद्यानगर भोपाल तहसील भोपाल जिला भोपाल म०प्र०
............आवेदक

**- बनामः -**

**सर्वसाधारण**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अकिक्शा सिंह पुत्री नरेन्द्र सिंह भाटी जाति राजपूत निवासी विद्यानगर भोपाल तहसील भोपाल जिला भोपाल म०प्र० के द्वारा ग्राम राला तहसील भैरूंदा स्थित भूमि सर्वे नंबर 1308/3,1308/2 कुल रकबा 6.960 हे० भूमि के वर्तमान भूमि स्वामी मध सिंह आ० तग सिंह का वसीयतनामा के आधार पर स्वयं के नाम नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया गया है उक्त सबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त सबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार, फौत कृषकों के वैध वारिसानों या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 23/02/2026 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा प्रकरण मे विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील भैरुंदा**

### मामले में पीडब्ल्यूडी एसडीओ की चुप्पी, एसडीएम ब्यावरा बोले - 'ड्रेनेज कराएंगे'

अनदेखी और मनमानी या फिर लापरवाही से बारिश में डूबेंगे एसडीएम-तहसील कार्यालय ?

# करोड़ों रुपए की हॉस्पिटल रोड बिना नालियों के हो रही तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर की सबसे महत्वपूर्ण और वीआईपी मानी जाने वाली हॉस्पिटल रोड पर करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क तो बनाई जा रही है, लेकिन निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी ने बारिश के पानी निकासी की मूलभूत व्यवस्था ही नहीं की। सड़क के दोनों ओर नालियों व ड्रेनेज का अभाव है, जिससे आगामी बारिश में बड़े जलभराव की आशंका खड़ी हो गई है। चिंताजनक बात यह है कि इसी मार्ग पर एसडीएम कार्यालय, तहसील ऑफिस और रेस्ट हाउस जैसे अहम शासकीय भवन स्थित हैं, जो बारिश में पानी से घिर सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी हल्की बारिश में सड़क पर पानी भर जाता था। अब सड़क को जब 4-5 फिट तक ऊंचा बना दिया गया है, जिससे पानी आसपास के दफ्तरों और दुकानों की ओर जाने का खतरा और बढ़ गया है। यदि समय रहते ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं की गई तो बारिश में हालात गंभीर हो सकते हैं।

मामले को लेकर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ प्रेम नारायण धनवाल ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। विभाग की इस चुप्पी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है। सवाल उठ रहा है कि क्या बिना समुचित योजना के ही सरकार के करोड़ों रुपये स्वाहा करने की तैयारी की गई? वहीं, एसडीएम ब्यावरा गोविंद कुमार दुबे ने आश्वासन देते हुए कहा है कि "ड्रेनेज की व्यवस्था करवाई जाएगी।" उन्होंने संकेत दिया कि आवश्यक तकनीकी परीक्षण कराकर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। हालांकि, शहरवासियों का कहना है कि आश्वासन नहीं, जमीनी कार्रवाई जरूरी है।

**सवालों के घेरे में पीडब्ल्यूडी**

- सड़क बनी, पर नालियां क्यों नहीं?
- जल निकासी की योजना कहां गई?
- क्या तकनीकी स्वीकृति में ड्रेनेज शामिल था?
- करोड़ों खर्च के बाद भी बुनियादी चूक क्यों?



**बारिश में पानी की जद में आएंगे ब्यावरा के ये अहम दफ्तर**

- एसडीएम कार्यालय
- तहसील कार्यालय
- बीआरसी कार्यालय
- सुठालिया परियोजना कार्यालय
- रेस्ट हाउस
- आसपास की दुकानें व मकान

**शहर के बुद्धिजीवीयों की मांग**

- पक्की नालियों का हो निर्माण
- बारिश से पहले स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था हो
- निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए
- जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए

शहरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो पहली तेज बारिश ही निर्माण की गुणवत्ता और विभागीय दावों की पोल खोल देगी। अब देखना यह है कि प्रशासन आश्वासन से आगे बढ़कर जमीनी समाधान कब तक देता है।

**रेस्ट हाउस में भी पानी निकासी का होगा संकट**

सडक की ऊचाई बढ जाने के कारण नगर का रेस्ट हाउस में भी पानी निकासी न होने के कारण बारिश में पानी भराव की स्थिती बनी रहेगी। जिससे आसपास लगी कॉलानियों एवं व्हीआईपी आगन्तुकों के लिए बीमारियों का खतरा बना रहेगा।



**पीडब्ल्यूडी की अनदेखी करने की कार्यशैली उजागर**

पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रेमनारायण धनवाल ब्यावरा अस्पताल रोड को बनाना ऐसा मान रहे हैं जैसे मानों सरकार के करोडों रूप्यों को बर्बाद करना हो जैसे। उनकी कार्यशैली से तो यहीं प्रतीत होता है। बिना पानी निकासी के 3 करोड 50 लाख की लागत से बनने वाले 1॰47 किलोमीटर की डामरीकृत रोड का भविष्य क्या होगा यह तो समय ही बताएगा। हालात यह है कि एसडीएम ऑफिस के सामने बनाई गई पुलिया में एक तरफ से पाइप डाल दिए गए परंतु दूसरी तरफ से बंद कर दिए गए जिससे पानी निकासी हो ही नहीं पाएगी जिससे डामरीकृत रोड उखडने का खतरा बढ जाएगा।

### जामोंया जोहार में वेश्यावृत्ति बंद कराने के लिए ग्रामीण हुए एकजुट, सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहगढ़।** तहसील अंतर्गत ग्राम जामोंया जोहार में कथित रूप से चल रही वेश्यावृत्ति गतिविधियों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण एकजुट हो गए। ग्रामवासियों ने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस कारण गांव में असामाजिक तत्वों का आवागमन बढ़ गया है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियाँ न पनप सकें। एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों के आतंक पर अंकुश लगाने को नपा ने की धरपकड़




कुशवाह समाज की छोटी बच्ची को किया था लहू लूहान, खबर के असर से जागी नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नपा द्वारा सजक कार्रवाई करते वार्डों की गली मोहल्लों से आवारा कुत्तों को सुनिश्चित कर निर्धारित रूप में कर्मचारियों द्वारा एक-एक कर बंदी बनाते हुए वहांन के माध्यम से नगर के बाहर व्यवस्थित रूप में छोड़ने का कार्य करते देखने को मिला हरिभूमि ने प्राथमिकता से यह समाचार प्रकाशित किया था। अखबार की खबर का असर अगर समय रहते पहले नपा जाग जाती तो शायद एक छोटी बच्ची को लहू लोहान होते ना देखना पड़ता परंतु वह तो अनहोनी होने के बाद ही ऐसे कार्यों पर ध्यान जाता है क्योंकि नगर परिषद की जिम्मेदारी होती है कि नगर में आवारा कुत्तों का खौफ नगर में दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा था इसी परिपक्व में कुत्तों को चुन चुन कर पकड़ने की कार्यवाही निरंतर जारी है क्योंकि कुछ दिनों पहले नगर के रामपुरिया बालाजी मंदिर के पीछे कॉलोनी में कुशवाह समाज की एक छोटी बच्ची को आवारा आतंकी तीन कुत्तों ने लहू लुहान कर दिया था नगर में अगर आवारा आतंकी कुत्ते ऐसे कृत्य करते हैं तो समस्त जवाबदारी नगर परिषद की होती है अगर वह कुत्ता पालतू है और वहां ऐसे कृत्य करता है तो समस्त जवाबदारी पालतू कुत्ते को पालने वाले मालिक की होती है नपा द्वारा पहले भी ऐसे आवारा कुत्तों को चिन्हित कर पकड़ कर बाहर छोड़ा था परंतु जब जब ऐसी घटनाएं घटित होती है तभी शासन प्रशासन जगता है।

खबर का असर

### शीतलधाम में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**विदिशा।** आचार्य विद्यासागर महाराज के साधक शिष्य एवं आचार्य समयसागर महाराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण संभवसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में शीतलधाम में 12 से 15 फरवरी तक 4 दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि बरों वाले बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का मंदिर बनकर तैयार है, जहां गर्भगृह में भगवान आदिनाथ विराजमान होंगे तथा दोनों ओर खड्गासन में अन्य तीर्थंकर प्रतिमाएं होंगी।

---

लाल चूनर संगठन संयोजिका ने महिला बाल विकास मंत्री से की भेंट

## नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं पर सख्त कानून बनाए जाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सीधे-सीधे महिलाओं की खरीद-फरोख्त से जुड़ी नातरा-झगड़ा कुप्रथाएं खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। जिले के कुछ समाजों में व्याप्त इन कुप्रथाओं की समाप्ति के लिए शासन, प्रशासन द्वारा लाख जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए लेकिन महिला इन कुप्रथाओं की जड़े इतनी गहरी हैं कि पूर्णतः उन्मूलन नहीं हो पा रहा है। ऐसे में उक्त दोनों कुप्रथाओं के लिए अलग से एक ठोस कानून बनाने की मांग को लेकर लाल चूनर संगठन संयोजिका एवं भाजपा नेत्री मोना सुस्तानी ने गत दिवस राजधानी दिल्ली पहुंचकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात थी। दिल्ली के शास्त्री भवन में हुई इस भेंट के दौरान सुस्तानी ने उन्हें उक्त इन कुप्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मंत्री अन्नपूर्णा ने उक्त कुप्रथाओं के बारे में बारीकी से समझा विधि विशेषज्ञों से उक्त संबंध में चर्चा का आश्वासन दिया।

**आए दिन सामने आ रहे हैं मामले**

नातरा-झगड़ा कुप्रथाओं के जुड़े नित नए मामले क्षेत्र में सामने आ रहे हैं। बीते एक पखवाड़े के दौरान चार स्थानों पर संबंधित आरोपियों द्वारा गांवों में पहुंचकर आगजनी घटनाएं की गई। पुलिस ने भी इन मामलों में मुकदमे दर्ज किए हैं।

शादी समारोह में जा रहे ड्राइवर की लगी आंख, डिवाइडर से टकराई कार

## हाईवे पर झपकी ने ली महिला की जान, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

इंदौर से शादी समारोह में शामिल होने चाचैड़ा जा रहा एक परिवार बुधवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। आगरा-मुंबई हाइवे पर धनौरा गांव के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में 67 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनके पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 11 बजे इंदौर से चाचैड़ा जा रही कार को 72 वर्षीय सुरेश व्यास चला रहे थे। बताया जा रहा है कि हाइवे पर चलते समय अचानक उन्हें नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के समय कार में तीन लोग सवार थे। सुरेश व्यास (72) पिता दुर्गाप्रसाद व्यास निवासी 202, सीता श्री रेसिडेंसी, एयरपोर्ट रोड इंदौर, उनकी पत्नी सरिता व्यास (67) और बेटी ज्योति जोशी (52) पति प्रवीण जोशी निवासी देवास मौजूद थीं। दुर्घटना में सरिता व्यास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश व्यास और ज्योति जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को बाहर निकालने में मदद की। पुलिस ने सभी को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. रवि चंद्रावत, डॉ. देवनारायण रुहेला और डॉ. अंकित महोबे ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। वही एक महिला मृतिका का सारंगपुर में पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।



**इनका कहना है...**

मृतिका के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**आकांक्षा हाड़ा थाना प्रभारी सारंगपुर**

## प्रशासन अलर्टः कराया गया पानी का परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप मालवांचल की प्रसिद्ध देवी शक्तिपीठ माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में प्रति वर्ष माघ माह में होने वाले भव्य मेले में शामिल होने तथा माता के दर्शन के लिए पहुंचे कुछ गांवों के बच्चों वा नागरिकों को उल्टी दस्त की शिकायत हो गई। जिसमें लगभग 50 लोगों का स्वास्थ्य खराब हो गया था। शिकायत मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के निर्देश पर सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारी व खाद्य विभाग की टीम के साथ तहसीलदार आकाश शर्मा भैंसवा माताजी पहुंचे जहां जल एवं खाद्य विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का सेंपल लिए जिसकी प्राथमिक जांच की गई एवं उच्च जांच के लिए लेब में सेंपल भेजा गया।

सफलता मिलने पर शासन ने जारी किया प्रशंसा पत्र

## हिरण्यगर्भ अभियान में सारंगपुर विकासखंड की उत्कृष्ट उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित हिरण्यगर्भ अभियान के अंतर्गत सारंगपुर विकासखंड ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है। इस सराहनीय प्रदर्शन पर मध्यप्रदेश शासन के प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव द्वारा प्रशंसा पत्र जारी कर विभागीय कार्यों की सराहना की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल माह से जनवरी तक सारंगपुर विकासखंड को कृत्रिम गर्भाधान के 8666 लक्ष्य दिए गए थे, जिसके विरुद्ध विभाग द्वारा 8881 कृत्रिम गर्भाधान सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। यह लक्ष्य का लगभग 102 प्रतिशत है, जो विभागीय अमले एवं पशुपालकों के समन्वित प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है। इस उपलब्धि में जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। आदरणीय कलेक्टर, जिला राजगढ़, डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन विभाग डॉ. प्रवीण कुमार दीक्षित के निर्देशन एवं सतत प्रोत्साहन से विभागीय टीम को कार्य करने में विशेष प्रेरणा मिली। साथ ही सारंगपुर के पशु चिकित्सकों, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों , मैदानी अमले एवं मैत्री गौसेवक कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से अभियान को सफलता मिली।

## हल्दी, मेहंदी रस्म से 5 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव आरंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 15 फरवरी को आ रहे महा-शिवरात्रि पर्व इस बार पांच दिवसीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रद्धालु मातृ-शक्तियों ने खोयरी महादेव धाम पहुंचकर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए हल्दी, मेंहदी, चंदन की रस्म से महोत्सव की शुरूआत की। पांच दिवसीय आयोजन की कड़ी में गुरुवार को 101 ढोली, कलश यात्रा निकाली जाएगी जो नेवज तट स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर से आरंभ होकर बैजनाथ महादेव धाम पहुंचेगी।

मंदिर के पुजारी पंडित उमेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव के तहत 13 फरवरी को संगीतमय कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अगले दिवस 14 फरवरी को बिल्वपत्र, भांग, केसर, चंदन, हल्की से भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक संपन्न होगा। अंतिम दिवस महाशिवरात्रि पर्व पर कुछ विशेष आयोजन रखे जा रहे हैं।

एक बगिया मां के नाम योजना में निष्क्रिय समूहों का बिना आजीविका मिशन कार्यालय को सूचित किए कराया सर्वे

## विकास मिशन प्रबंधक ने थमाया सरपंच और सचिव को नोटिस

अपने चहेतों को लाभ देने के लिए सरपंच ने कर दिया कागजी कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा मध्य प्रदेश दीनदयाल योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना में ग्राम पंचायत धामनिया के सरपंच ,सचिव द्वारा आजीविका मिशन कार्यालय, प्रबंधक खिलचीपुर को बिना सूचना दिए हितग्राहियों के निष्क्रिय समूहों का सर्वे विकासखंड जीरापुर की कृषि सखी के माध्यम से कराया गया जो नियम विरुद्ध है।घोर अनियमितता सरपंच , सचिव द्वारा की गई है, जिस पर विकास मिशन प्रबंधक ने सरपंच, सचिव को नोटिस थमाया है। यही नहीं हितग्राहियों के स्व सहायता समूह वर्तमान में निष्क्रिय है। हितग्राहियों समूह सदस्य के नाम श्रीमति रजान बाई पति कंवरलाल जय श्री राम समूह। शांताबाई पति हरिसिंह जय श्रीराम समूह। रेशम बाई पति कंवरलाल,जय श्री राम समूह। कंचन बाई पति बनेसिह,जय श्री राम समूह। लाडबाई पति भगवान सिंह,जय श्री राम समूह। कृष्णा बाई पति मुकेश,जय श्री कृष्ण समूह। वललभ भाई पति भोनसिह ,जय श्री कृष्ण समूह आदि है।

उक्त अंकित समूह वर्तमान में निष्क्रिय है। फिर भी सरपंच , सचिव द्वारा योजना के शुरुआत में ही अपने चहेते हितग्राहियों को योजना का लाभ देकर शासन की राशि का दुरुपयोग कर शासन को चूना लगाया जा रहा है।

**इनका कहना है**

हां,ये समूह बन्द है लेकिन इन्हें पुनः चालू करवाकर हितग्राहियों को लाभ दिलवाया जावेगा।

**तरुण भट्ट, ब्लॉक प्रबंधक खिलचीपुर**

## महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेले की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

माचलपुर में माता पार्वती के विवाह स्थल बाघाबल्डी पर तीन दिवसीय मेले जो महाशिवरात्रि से प्रारंभ होगा के आयोजन की तैयारी जोरो पर चल रही हे,बतादे की माचलपुर नगर मां पार्वती की पावन नगरी कही जाती हे क्योंकि किसी युग में यहां माता पार्वती ओर भगवान शिव का विवाह हुआ था जिसके प्रमाण के रूप में आज भी यहां बाघाबल्डी पर सात फेरे बने हुवे हे, तीन दिवसीय मेले में महाशिवरात्रि पर नगर में भोले की बारात एवं शिवशक्ति मिलन कार्यक्रम होगा अगले दिन बाघाबल्डी पर भजन संध्या एवं समापन दिवस पर कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा यह मेला प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता हे ,बताते हे कि शिवपार्वती के विवाह के यहां कई प्रमाण आज भी विद्धमान हे ,मेले का आयोजन प्रतिवर्ष नगर परिषद द्वारा किया जाता हे जिसमें दुकानें एवं झूले भी लगाए जाते हे।

जाति-प्रमाण संबंधी समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## ब्यावरा बीईओ को नोटिस, दो अन्य को दी तल्ख हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र अभियान संबंधी जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रोफाइल एवं ओटीआर प्रविष्टियों में मात्र 10 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बीईओ ब्यावरा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वहीं बीईओ जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा अपेक्षित संतोषजनक कार्य नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



**संकुलवार शिवरि आयोजित करने के निर्देश**

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संकुलवार शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों के आवेदन लोक सेवा केंद्रों में व्यवस्थित रूप से जमा कराए जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र विद्यार्थी को प्रमाण पत्र के अभाव में शैक्षणिक या शासकीय योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या समग्र आईडी में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें अभियान मोड में लेकर समयबद्ध रूप से सुधार की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें।

## भाजपा नगर मंडल ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल चैराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष तथा प्रखर राष्ट्रवादी विचारक थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, शोषित एवं वंचित वर्ग के उत्थान तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए उनका संपूर्ण जीवन समर्पित रहा। देश सेवा एवं गरीब कल्याण के लिए उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस दौरान पूर्व विधायक कुंवरजी कोठार, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल महामंत्री कमल राठौर, राजेंद्र सर्वावत, गोकुल दंडवानी,आशुतोष वैद्य, रमेशचंद्र लववंशी, विनोद लववंशी, चांदमल दंडवानी, पार्षद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।



## खबर संक्षेप

### पुष्प प्रदर्शनी 14 एवं 15 को होगी आयोजित

**देवास।** गार्डन एसोसिएशन देवास की पुष्प प्रदर्शनी लगने वाली है पुष्प प्रेमीजन उसकी बाट जोहते रहते है। बात सही भी है अपने अपने बगीचों में फूलों के पौधों को लगाना, उन्हें बढा करना कोई आसान काम नहीं है। हर वर्ष फरवरी के दूसरे सप्ताह में बगीचों लगे फूलवाले पौधों में प्रदर्शनी में रखने लायक फूल आए यह तो और भी मुश्किल काम है। पौधे उगाना एक कला है, कला के साथ विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी है। परंतु करने वाले यह मुश्किल काम साल दर साल करते आ रहे है, जो उनकी लगन, मेहनत का ही परिणाम है। इस वर्ष भी प्रदर्शनी में गुलाब, डेहलिया, सेवंती, तरह तरह के मौसमी फूल, केक्टस, क्रोटन, विभिन्न किस्मों के हाउस प्लांट, अलग अलग आकार देकर बनाए हुए पौधे, बोंसाई किए हुए पौधे और विशेष रूप से अमिताभ तिवारी के बोंसाई पौधों के मिनिएचर गार्डन जो हमें देवास में सहज ही देखने को मिल जाते है। इन मिनएचर गार्डर्न्स को अभी सोशल मीडिया पर देशभर में लोग बड़ी संख्या में देख रहे हैं, प्रशंसा कर रहे है। यह सभी मिनिएचर गार्डन इस वर्ष की प्रदर्शनी में रहेंगे। गार्डन्स एसोसिएशन अपनी दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन मल्हार स्मृति मंदिर में करने जा रहा है शनिवार 14 फरवरी को पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन जिलाधीश ऋतुराजसिंह (आएएएस) द्वारा होगा। रविवार 15 फरवरी को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार (आएएस) पुरस्कार वितरण करेंगे।

### चंद घंटों में मंदिर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**भौरासा।** जिले के भौरासा थाना क्षेत्र के ग्राम बुधासा में स्थित श्री देवनारायण भगवान के मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने महज 16 घंटे में पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया पूरा सामान बरामद कर लिया है। आरोपी के पास से धातु के दो रानी हार और दान पेटी से चुराई गई नकदी समेत कुल 5,891 रुपये का मशरूका जब्त किया गया है। घटना 10 फरवरी 2026 को सामने आई थी, जब मंदिर से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अज्ञात चोरों ने रात के समय मंदिर में घुसकर धातु के दो रानी हार (कीमती करीब 4800 रुपये) चुरा लिए थे। इसके अलावा, दान पेटी का ताला तोडक़र उसमें रखी नकदी भी पार कर दी थी।सीसीटीवी फुटेज से मिला सुरागमामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गहलोत के निर्देश पर टीआई

### रबी फसलों के पंजीयन की प्रक्रिया से अन्नदाताओं को हो रही परेशानी

# फसल सत्यापन में देरी से किसान बेहाल केंद्रों से खाली हाथ लौटने के लिए मजबूर

दर्जनों गांव के किसान जब ई-उपार्जन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, तो उन्हें तकनीकी खामियों का हवाला देकर लौटाया जा रहा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



मध्यप्रदेश शासन द्वारा 7 फरवरी से ई-उपार्जन केंद्रों पर रबी फसलों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। लेकिन अहमदपुर और इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पटवारियों द्वारा फसलों का भौतिक सत्यापन समय पर न किए जाने के कारण पंजीयन व्यवस्था पटरी से उतर गई है।

#### पोर्टल नहीं स्वीकार रहा पंजीयन

अहमदपुर, रसूलपुरा सलेपुर, अजमत नगर और अन्य दर्जनों गांवों के किसान जब ई-उपार्जन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, तो उन्हें तकनीकी खामियों का हवाला देकर लौटाया जा रहा है। पोर्टल पर किसानों द्वारा बोई गई फसल का भौतिक सत्यापन प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जब तक पटवारी द्वारा ऑनलाइन गिरदावरी और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जाती, तब तक पोर्टल पर किसान का डेटा ₹अधूरा₹ दिखाई देता है, जिससे पंजीयन संभव नहीं है।

#### महिला किसान की व्यथा

अहमदपुर निवासी नाशो बी महिला किसान ने बताया कि वे सुबह से ई-उपार्जन केंद्र पर कतार में खड़ी थीं, लेकिन जब उनका नंबर आया तो केंद्र संचालक ने बताया कि आपकी फसल का अभी भौतिक सत्यापन ही नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, पटवारी द्वारा जब तक ऑनलाइन फसल नहीं चढ़ाई जाएगी, तब तक हमारा पंजीयन नहीं हो सकेगा। हम बार-बार केंद्रों के चक्कर काटकर परेशान हो रहे हैं।₹

#### पटवारियों की सुस्ती पड़ रही भारी

ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारियों ने अभी तक क्षेत्र की फसलों का भौतिक सत्यापन कार्य पूरा नहीं किया है। शासन ने पंजीयन की तारीख तो घोषित कर दी, लेकिन धरातल पर तैयारी अधूरी है। किसान इस बात से चिंतित हैं कि यदि समय पर पंजीयन नहीं हुआ, तो वे अपनी उपज सरकारी समर्थन मूल्य (MSP) पर बेचने से वंचित रह सकते हैं।

#### जिम्मेदारों से मांग

क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसानों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि पटवारियों को तत्काल सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि किसान बिना किसी बाधा के अपना पंजीयन करा सकें।

#### इन गांव के किसानों की जमीन का नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

अहमदपु सलेहपुर मंडखेड़ा भीलाखेड़ी पीर पाटन, अजमत नगर सहित दर्जनो गाँवो के किसानो ने बताया की उनकी जमीन का भौतिक सत्यापन नही हुआ है जिससे दर्जन भर गाँव के किसान परेशान नजर आ रहे है

#### मुख्यालय पर नहीं मिलते पटवारी, चक्कर काट रहे ग्रामीण और किसान

वही किसानों का कहना है की मुख्यालय पर पटवारियों को नहीं मिलने के कारण छोटे-मोटे कामों के लिए भी किसानों को दोराह और श्यामपुर के चक्कर काटना पढ़ रहा है जिससे किसानों का समय भी बर्बाद हो रहा है किसानों का कहना है कि मुख्यालय पर पटवारी के नहीं मिलने के कारण छोटे-मोटे कामों के लिए दोराह श्यामपुर जाना पड़ता है वहां भी पक्का नहीं के पटवारी मिल जाए फोन लगाना पड़ता है बताना पड़ता है घण्टो इंतजार के बाद पटवारी आते हैं तब छोटे-मोटे काम हो पाते हैं कई किसानो की मांग है कि मुख्यालय पर पटवारी प्रतिदिन मौजूद रहे। ताकि छोटे-मोटे कामों के लिए भटकना नहीं पड़े और उनका काम मुख्यालय पर ही हो जाए।

#### किसानों की परेशानी

सलेहपुर के किसान हपीज खा बाबू खा ने बताया कि में सेवा सहकारिता समिति गया था। गेहूं उपार्जन का पंजीयन कराने के लिए मुझे बोला गया की गिरदावरी यानी भौतिक सत्यापन नहीं होने के कारण आपका पंजीयन नहीं हो पा रहा है, में परेशान होकर घर वापस आ गया। सहलेहपुर के किसान कमरुद्दीन ने बताया कि सत्यापन न होने के कारण पंजीयन नही हो रहा है।

#### आईडी ही लॉगिन नहीं हो रही

रवि योगी ने बताया कि अस्थाई तोर पर गिरदावरी के लिए मुझे सरवेयर बनाया गया है काफी किसान मेरे पास आ रहे है मैं उनकी गिरदावरी करने बैठता हूं तो मैप पर लिख कर आता है कि पटवारी द्वारा गिरदावरी होगी मैं काम नहीं कर पा रहा हूं आईडी ही लॉगिन नहीं हो रही है मैं खुद परेशान हूं।

#### बिना खेती गिरदावरी संभव नहीं

22 जनवरी से गिरदावरी चालू हुई है। खेत-खेत जाकर गिरदावरी करना है जो 5 से 10 दिन में संभव नहीं है। अभी कुबरेश्वर धाम में पटवारीयो की ड्यूटी लगी है, वहां भी जाना है। बिना खेत पर जाए गिरदावरी होना सम्भव नहीं है। क्योंकि लोकेशन वाइज है गिरदावरी जिओ टेक है।

**इंद्रेश अग्रवाल,** पटवारी

#### जल्द होगा गिरदावरी का काम

गिरदावरी का काम चल रहा है। एक दो दिन में सारा काम हो जाएगा। गिरदावरी भौतिक सत्यापन का काम चल रहा है, जल्द ही गिरदावरी का काम हो जाएगा।

**धनजी मालवीय,** नायव तहसीलदार

# धर्म ही हमारे साथ जाने वाला होता है : दीक्षार्थी

### मुमुक्षो विनुषी भंडारी का किया बहुमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आज की इस चकाचोंध भौतिक सुखों से भरी दुनिया को ठोकर मार कर, संसार के सभी सुखों को छोड़ना ओर लोहे के चने समान संयम को ग्रहण करना हर किसी के बस की बात नही है,जिसने वीतराग को जान लिया,समझ लिया,समझो उसने सब कुछ जीत लिया है । संसार के सभी सुखों को छोड़ कर संयम के मार्ग पर बढ़ रही इंदौर निवासी वीर माता पिता वीरेन्द्र शीतल(मोना) भंडारी की 29 वर्षीय पुत्री विनुषी भंडारी ने संसार के मार्ग को छोड़ मोक्ष की ओर ले जाने वाले संयम के मार्ग को चुना है । दीक्षार्थी बहन मुमुक्षु विनुषी भंडारी का दीक्षा के पूर्व आष्टा आगमन हुआ। साधुमार्गी जैन संघ के श्रावक महेन्द्र रुनवाल के निवास पर संघ ने दीक्षार्थी बहन विनुषी का बहुमान कर अभिनन्दन पत्र भेंट कर अनुमोदना की।

इस अवसर पर उपस्थित श्रावक श्राविकाओं को संबोधित करते हुए दीक्षार्थी बहन विनुषी भंडारी ने कहा पूज्य आचार्य भगवंत 1008 श्री रामलाल जी महाराज साहब की शुभ निश्रा में 23 अप्रैल 2026 को गंगाशहर भीनासर में दीक्षा की संभावना है। विनुषी भंडारी ने कहा इस जीवन का कोई भरोसा नही है। जीवन मे जितना अधिक से अधिक धर्म को महत्व देंगे। जीवन मे व्रत नियमो में रहेंगे तो पाप कर्मों का बंध कम से कम होगा । अच्छे श्रावक श्राविकाएं बने । जो दीक्षा नही ले सके वो गृहस्थ जीवन मे भी 14 नियमो का पालन करने से उनके पहाड़ जैसे पाप बहुत छोटे हो जाते है। रोजाना सामयिक, प्रतिक्रमण, संवर करे। दीक्षार्थी बहन विनुषी भंडारी ने आष्टा संघ को 23 अप्रैल को होने वाली दीक्षा में सभी पधारने ओर आशीर्वाद प्रदान करने का आष्टा संघ को निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर सभी ने नवकार महामंत्र का जाप रामेश चालीसा एवं चौवीसी सहित अन्य भजनों का गायन किया। उपस्तिथ श्रावक सुशील संचेती ने अभिनन्दन पत्र का वाचन किया एवं वरिष्ठ श्रावक ताराचंद रुनवाल, चंद्र प्रकाश रुनवाल, रिलेश बोथरा, हेमन्त सुराणा, महेन्द्र रुनवाल, सुनील संचेती, पवन बोथरा, मनोज रुनवाल, पंकज डूंगरवाल ,मुकेश संचेती,मनोज बोथरा, राज बोथरा, श्रेयांस रुनवाल, अंकित रुनवाल, सुबाहू संचेती मोक्षेस डूंगरवाल, पंकज डूंगरवाल, मोक्षेस डूंगरवाल, महिला मंडल की भावना सुराना, मीना पारख, सुशीला बोथरा, किरण डूंगरवाल, संगीता संचेती, सुधा रूनवाल, सरोज बाला रूनवाल, वर्षा रूनवाल,अस्मिता संचेती, अनुश्री रूनवाल, आयुषी डूंगरवाल, चैत्रवी सुराना आदि ने दीक्षार्थी बहन को अभिनन्दन पत्र सौपा एवं उपस्तिथ श्राविकाओं ने शाल ओढ़ा कर माला पहना कर बहुमान किया।

### ग्राम छापर में जल अर्पण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सीहोर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड आष्टा के ग्राम छापर में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कलश यात्रा एवं स्कूल रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही जल के महत्व एवं उसके सतत उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक मंगलेश दुबे द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। ग्राम छापर में संचालित नल-जल योजना के सफल संचालन का भी उल्लेख किया गया। योजना के माध्यम से लगभग 250 परिवारों को नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध हो रहा है तथा सभी परिवारों द्वारा नियमित रूप से जल कर का भुगतान किया जा रहा है, जो योजना की सतत संचालन व्यवस्था को मजबूत बनाता है। कार्यक्रम के दौरान जल कर का नियमित भुगतान करने वाले परिवारों तथा पंप ऑपरेटर दिनेश को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

### दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन



**सीहोर।** मध्य प्रदेश श्री सत्य साई प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एसएसएसयूटीएमएस), सीहोर ने आईयूपीएसी ग्लोबल विमेंस ब्रेकफास्ट (जीडब्ल्यूबी) और एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स (एसीटी) के तत्वावधान में 10 और 11 फरवरी को सीआईडीसी सेंटर, इंजीनियरिंग ब्लॉक में हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह सेमिनार कुलगुरू डॉ. मुकेश तिवारी, रजिस्ट्रार डॉ. हेमंत शर्मा और परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिनके सहयोग और मार्गदर्शन से कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम का संचालन रसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. रंजीत कुमार पुसे और भौतिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गीता खूबचंदानी ने किया।

# वार्ड 7 की वार्ड प्रभार समिति की बैठक की गई आयोजित, नई कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर कांग्रेस के तत्वावधान में वार्ड क्रमांक 7 की वार्ड प्रभार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर कांग्रेस प्रभारी लोकेन्द्र बनवट और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज खान ने की। बैठक में वार्ड के सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों की उपस्थिति रही।बैठक के दौरान संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 7 की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें समाजसेवी,सकल हिन्दू समाज प्रमुख मनीष डोंगरे को वार्ड अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर मानसिंह ठाकुर और आतु मौलाना को जिम्मेदारी सौंपी गई।महामंत्री पद पर आशुतोष नामदेव को नियुक्त किया गया, वहीं सचिव पद की जिम्मेदारी अक्षय गौतम को दी गई। सह सचिव के रूप में शोर नफीस एवं अतीक भाई को दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा आशीष गौतम, सद्दाम फरिया, चांद मियां, हरफान पठान, नूर भाई एवं अशरफ भाई (मेकेनिक) को सदस्य पद पर चुना गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस प्रभारी श्री लोकेन्द्र बनवट ने कहा कि संगठन की मजबूती वार्ड स्तर से ही प्रारंभ होती है और सभी पदाधिकारियों को मिलकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एजाज खान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया। अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

# निर्मल भावों से करें धर्म साधना: विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्रीचंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर, अलीपुर अरिहंतपुरम में विराजित आचार्य विनिश्चय सागर मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री संस्कार सागर मुनिराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि धर्म साधना का मूल उद्देश्य आत्मा की पवित्रता है। मंदिर जाते समय यदि लक्ष्य आत्मशुद्धि का हो, लेकिन वहां भी मन में गलत भाव उत्पन्न हों, तो पुण्य के स्थान पर पाप का बंध होता है। उन्होंने कहा कि आज धर्म के क्षेत्र में भी व्यक्ति मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की अपेक्षा रखता है, छल-कपट करता है, जो अनुचित है। धर्म क्षेत्र में निर्मल भावों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। व्यक्ति को यह विचार करना चाहिए कि वह धर्म में पुण्य कमा रहा है या पाप। मुनिश्री संस्कार सागर ने आगे कहा कि वर्तमान में जो सुख-सुविधाएं मिल रही हैं, वे पूर्व जन्म के पुण्य का फल हैं और आज किए गए कर्म भविष्य में फलित होंगे।आज जो बोओगे, वही भविष्य में काटोगे।अपना भविष्य निर्माण आपके हाथ में है।मुनिश्री ने समझाया कि जैसे शरीर को चलाने के लिए भोजन आवश्यक है, वैसे ही आत्मकल्याण के लिए इंद्रिय संयम आवश्यक है। कोई भी गलत कार्य करने से पहले उसके परिणाम पर विचार करें। छल-कपट या किसी को अपशब्द कहने से पूर्व यह सोचें कि उसका फल स्वयं को ही भोगना होगा। अशुभ कर्मों से पाप का बंध होता है।व्यक्ति कई बार हंसते-हंसते कर्म बांध लेता है,पर फल उसी को भुगतना पड़ता है।उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य से पहले विचार करने की आदत व्यक्ति को पश्चाताप से बचा सकती है। जब कर्मों का फल भोगना पड़ता है, तब व्यक्ति सोचता है कि यह नहीं करना चाहिए था, यदि पहले विचार कर लिया होता तो भूल नही होती।इसी क्रम में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि आत्मा धर्म के माध्यम से कर्मों के प्रवाह को रोकती है। प्रत्येक व्यक्ति पुण्य अर्जित करना चाहता है, लेकिन अनजाने में पाप कर बैठता है। आत्मा को पवित्र करना ही सच्चा पुण्य है।

### तपोभूमि देवबड़ला में 13 फरवरी से महाशिवरात्रि मेला होगा शुरू

# देवांचल धाम पर तीन दिनों तक होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



मां नेवज नदी के उद्गम स्थल वा पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला बीलपान में 13 फरवरी से तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ होने जा रहा है जिसमें आप सभी धर्म प्रेमी बंधु माताएं सादर आमंत्रित है मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगतजी ने कहा बाबा विलवैश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ होने जा रहा है विगत तीन दशक से महाशिवरात्रि पर मेले का आयोजन होता आ रहा है जिसमें लगभग 2 लाख श्रद्धालु धर्म लाभ लेने आते हैं देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया प्रतिदिन सुबह 9:00 बाबा के अभिषेक व पूजा अर्चना होगी एवं दोपहर 12:00 से 3:00 तक शिव महापुराण कथा पंडित राजेश शर्मा जी के मुखारविंद से होगा मेला समिति द्वारा लगभग तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। किंतु सुलभ शौचालय, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से क्षेत्र की सबसे बड़ी धरोहर आज भी वंचित है हालांकि चार दशक की लंबी मशक्कत के बाद यहां पर पक्की सड़क का निर्माण हुआ है इतने लंबे समय के बाद पहली बार महाशिवरात्रि मेले में श्रद्धालु पक्की सड़क से चलकर मेले में पहुंचेंगे। हालांकि सुलभशौचालय के लिए पूर्व सांसद स्वर्गीय मनोहर ऊंटवाल द्वारा 15 लाख की राशि ग्राम पंचायत बिलपान के खाते में 4 साल पहले ही दी जा चुकी है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा अभी तक यह कार्य पूर्ण नहीं हुआ है हमेशा ही शिवरात्रि मेले एवं तीज त्यौहार व अमावस्या पर श्रद्धालुओं को सुलभ शौचालय बिजली पानी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# वाहन चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में चोरी,नकबजनी की वारदातो पर अंकुश लगाने एवं उक्त घटनाओं में संलिप्त आरोपियो को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्दिशित किया गया है । इसी क्रम में 31 जनवरी को फरियादी ने चौकी चौबाराधीरा पर आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इकलेरा माता मंदिर की पार्किंग में रखी उसकी मोटरसाईकिल वाहन क्रमांक MP41NG 5006 को कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है ।

रिपोर्ट पर से थाना पीपलरावां पर अपराध क्रमांक 31/2026 धारा 303 (2) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सोनकच्छ दीपा माण्डवे के निर्देशन में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरा चेक किये गये । जिसमें आरोपी के द्वारा घटना कारित कर भागना कैद हुआ । सीसीटीव्ही फुटैंज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी मिथुन पिता अंबार राम हाड़ा उम्र 26 साल निवासी पीपलरावां , उमेश पिता बने सिंह हाड़ा उम्र 26 साल निवासी पीपलरावां को गिरफ्तार कर आरोपियो के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल वाहन को जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी पीपलरावां निरीक्षक सुबोध कुमार गौतम,उनि अरुण पिपल्दे चौकी प्रभारी चौबाराधीरा, प्रधान आरक्षक महेंद्र राव, आरक्षक राजकुमार पटेल, बलराम, जसवीर, योगेश, मनोज, अजय, चालक देवेंद्र की सराहनीय भूमिका रही ।